NAPLAN ऑनलाइन – माता-पिता और देखरेखकर्ताओं के लिए जानकारी

Hindi

2019

विद्यार्थी NAPLAN परीक्षाएँ किस लिए देते हैं?

राष्ट्रीय आकलन कार्यक्रम – साक्षरता एवं अंकज्ञान (नेशनल एसेसमेंट प्रोग्राम – लिटरेसी एंड न्युमरैसी [NAPLAN]) साक्षरता एवं अंकज्ञान की उन योग्यताओं का आकलन करता है जो प्रत्येक बच्चे के लिए स्कूल और जीवन में आगे बढ़ने के लिए अत्यावश्यक होती हैं।

कक्षा 3, 5, 7 व 9 में पढ़ाई करने वाले विद्यार्थी रीडिंग (पठन), राइटिंग (लेखन), कन्वेन्शन्स ऑफ लेंग्वेज़ (भाषा का चलन) [स्पेलिंग, ग्रामर और पंक्चुएशन] और न्युमरैसी (अंकज्ञान) में NAPLAN की वार्षिक परीक्षाओं में भाग लेते हैं।

आकलन माता-पिता और स्कूलों को यह समझ प्रदान करते हैं कि व्यक्तिगत विद्यार्थी परीक्षाओं के समय किस प्रकार प्रदर्शन कर रहे हैं। NAPLAN स्कूल के आकलन और रिपोर्टिंग प्रक्रिया का केवल एक पहलू है – यह विद्यार्थी के प्रदर्शन के बारे में अध्यापकों द्वारा निरंतर किए जाने वाले आकलनों का स्थान नहीं लेती है।

NAPLAN स्कूलों, शिक्षा प्राधिकरणों और सरकारों को यह जानकारी भी प्रदान करती है कि शिक्षा कार्यक्रम कैसे काम कर रहे हैं और यह कि क्या युवा ऑस्ट्रेलियाई लोग साक्षरता एवं अंकज्ञान में महत्वपूर्ण शैक्षिक परिणामों को पूरा कर रहे हैं या नहीं।

किस चीज़ का आकलन किया जाता है?

NAPLAN नियमित स्कूली पाठ्यक्रम में विद्यार्थियों द्वारा सीखी जाने वाली साक्षरता एवं अंकज्ञान की योग्यताओं का आकलन करती है। सभी सरकारी और गैर-सरकारी शिक्षा प्राधिकरणों ने NAPLAN से जुड़ी सामग्री तैयार करने में योगदान दिया है।

2019 में पूरे ऑस्ट्रेलिया में अधिकांश विद्यार्थी NAPLAN ऑनलाइन परीक्षा में भाग लेंगे।

NAPLAN ऑनलाइन के पहले वर्ष में मिली फीडबैक (प्रतिक्रिया) ने यह दर्शाया है कि विद्यार्थी ने ऑनलाइन आकलनों में अच्छे से भाग लिया। NAPLAN ऑनलाइन के मुख्य लाभों में से एक लाभ स्थिति के अनुरूप (या अनुकूल) परीक्षण है, जहाँ परीक्षा अपने आप से विद्यार्थी के परीक्षा प्रदर्शन के अनुरूप हो जाती है। विद्यार्थी के प्रदर्शन पर निर्भर करते हुए परीक्षा उच्च या निम्न जटिलता से सम्बन्धित सवाल प्रस्तुत करती है।

स्थिति के अनुरूप (या अनुकूलित) परीक्षा को विद्यार्थी की विभिन्न प्रकार की क्षमताओं का आकलन करने तथा विद्यार्थी की उपलब्धि को और अधिक विधिपूर्वक मापने के लिए तैयार किया जाता है। यदि आपकी संतान को सवाल सामान्य से अधिक चुनौतिपूर्ण लगते हैं तो उसे चिंता नहीं करनी चाहिए; हो सकता है कि आपकी संतान और अधिक पेचीदे परीक्षा मार्ग पर चल रही हो। विद्यार्थी का कुल मिलाकर NAPLAN स्कोर उनके द्वारा सही जवाब दिए गए सवालों की संख्या और जटिलता पर निर्भर करता है।

NAPLAN ऑनलाइन कीबोर्ड संबंधी योग्यताओं की परीक्षा नहीं है। कोई विद्यार्थी कितनी तेज़ और ठीक से टाइप कर सकता है, यह विद्यार्थी-विद्यार्थी पर निर्भर करता है – ठीक उसी तरह जैसे प्रत्येक विद्यार्थी हाथ से अलग-अलग गति और अच्छे से लिखता है। कक्षा 3 के विद्यार्थी राइटिंग परीक्षा कागज पर पूरी करेंगे।

यह जानने के लिए कि ऑनलाइन आकलन कैसा दिखता है, लोक प्रदर्शन वेबसाइट **nap.edu.au** देखें।

मैं तैयारी करने में अपनी संतान की मदद कैसे कर सकता/सकती हूँ?

अपनी संतान को यह आश्वासन दिलाकर कि NAPLAN परीक्षाएँ उनके स्कूली कार्यक्रम का एक भाग हैं और परीक्षा वाले दिन उन्हें अपनी ओर से श्रेष्ठ कोशिश करना याद दिलाकर, NAPLAN की तैयारी करने में उसकी मदद करें। अध्यापक यह सुनिश्चित करेंगे कि विद्यार्थी परीक्षाओं में आने वाले सवाओं के प्रकार से परिचित हैं और वे उन्हें उचित समर्थन तथा मार्गदर्शन प्रदान करेंगे। यह सुनिश्चित करना कि विद्यार्थियों को उपकरणों का प्रयोग करने, उनपर टाइप करने और कार्यक्रमों पर नेविगेट करने की जानकारी है, विद्यार्थी के शिक्षण का एक भाग है और यह स्कूल के पहले वर्ष से ही ऑस्ट्रेलियाई पाठ्यक्रम की एक आवश्यकता है।

ACARA यह सुझाव नहीं देती है कि NAPLAN के लिए अत्यधिक तैयारी की जाए या इसके लिए कोचिंग प्रदाताओं का प्रयोग किया जाए। NAPLAN का उद्देश्य साक्षरता एवं अंकज्ञान में शिक्षण प्रगति का आकलन करना है।

क्या मेरी संतान पेपर (कागज) पर या ऑनलाइन तरीके से परीक्षा देगी?

2019 में, आपकी संतान NAPLAN परीक्षाएँ ऑनलाइन रूप से पूरी करेगी। परन्तु, पूरे ऑस्ट्रेलिया में कुछ अन्य स्कूलों में बच्चे इस वर्ष NAPLAN की पेपर आधारित परीक्षाएँ देंगे। फेडरल, राज्यों और टेरेटरियों के शिक्षा मंत्री इस बात पर सहमत हुए हैं कि सभी स्कूल 2020 तक ऑनलाइन विधि में परिवर्तित हो जाएँगे। राज्य और टेरेटरी के शिक्षा प्राधिकरण यह निर्धारित करेंगे कि उनके स्कूल ऑनलाइन विधि में कब परिवर्तित होंगे।

जैसे-जैसे विद्यार्थियों का आकलन साक्षरता एवं अंकज्ञान पाठ्यक्रम से सम्बन्धित समान विषय-वस्तु पर किया जाता है, चाहे उन्होंने परीक्षा ऑनलाइन रूप से या कागज पर पूरी की हो, दोनों फॉर्मेटों के परिणामों को NAPLAN के समान आकलन मानक पर सूचित किया जा सकता है। NAPLAN ऑनलाइन के बारे में और अधिक पता लगाने के लिए, **nap.edu.au** देखें।

NAPLAN में भाग लेना

कक्षा 3, 5, 7 व 9 के सभी विद्यार्थियों से NAPLAN के वार्षिक आकलन में भाग लेने की उम्मीद की जाती है।

विकलाँगता से ग्रस्त विद्यार्थी ऐसे एडजस्टमेंटों (समायोजनों) के लिए योग्य हो सकते हैं जो आम-तौर पर कक्षा के आकलनों के लिए प्रदान किए जाने वाले समर्थन को दर्शाते हैं। आपको अपनी संतान के लिए किन्हीं विकलाँगता समायोजनों के प्रयोग की चर्चा पहले अपनी संतान के अध्यापक के साथ करनी चाहिए।

विकलाँगता से ग्रस्त किसी ऐसे विद्यार्थी के लिए औपचारिक छूट प्रदान की जा सकती है जिसकी विकलाँगता आकलन में भाग लेने की उसकी क्षमता को गंभीर रूप से सीमित करती हो, या किसी ऐसे विद्यार्थी को भी औपचारिक छूट प्रदान की जा सकती है जो हाल ही में ऑस्ट्रेलिया आया हो और वह गैर-अंग्रेज़ी भाषी पृष्ठभूमि से सम्बन्ध रखता हो।

आपका स्कूल प्रिंसिपल और आपका स्थानीय परीक्षा प्रबंधन प्राधिकरण NAPLAN ऑनलाइन के विकलाँगता समायोजनों या औपचारिक छूट प्राप्त करने के लिए आवश्यक प्रक्रिया के बारे में आपको और अधिक जानकारी दे सकते हैं।

NAPLAN ऑनलाइन 2019 की समय-सारणी

NAPLAN ऑनलाइन के आकलन की समयावधि को कागज-आधारित परीक्षा के लिए प्रदान किए जाने वाले तीन दिनों से बढ़ा कर नौ दिन कर दी गई है। ऐसा स्कूलों को कार्यक्रम का निर्धारण करने में और अधिक अनुकूलनशीलता देने तथा उन स्कूलों को समायोजित करने के लिए किया गया है जिनके पास कम उपकरण हैं। NAPLAN ऑनलाइन आकलन की समयावधि मंगलवार 14 मई को शुरू होकर शुक्रवार 24 मई 2019 को समाप्त होती है।

ऑनलाइन परीक्षाएँ निम्नलिखित क्रम में पूरी की जानी चाहिए:

परीक्षा	अवधि	क्रम	विवरण
राइटिंग (लेखन)	कक्षा 3: 40 मिनट। कक्षा 5: 40 मिनट। कक्षा 7: 40 मिनट। कक्षा 9: 40 मिनट।	पहले दो दिनों में पूरी की जानी चाहिए।	कक्षा 3 के विद्यार्थी केवल पहले दिन कागज-आधारित राइटिंग परीक्षा में भाग लेते हैं।
रीडिंग (पठन)	कक्षा 3: 45 मिनट। कक्षा 5: 50 मिनट। कक्षा 7: 65 मिनट। कक्षा 9: 65 मिनट।	राइटिंग परीक्षा के बाद पूरी की जानी चाहिए	विद्यार्थी विभिन्न प्रकार के शिक्षाप्रद, कल्पनात्मक और प्रेरक पाठ पढ़ते हैं।
लेंग्वेज़ कन्वेन्शन (भाषा का चलन)	कक्षा 3: 45 मिनट। कक्षा 5: 45 मिनट। कक्षा 7: 45 मिनट। कक्षा 9: 45 मिनट।	इसे रीडिंग परीक्षा के बाद पूरी की जानी चाहिए	इस परीक्षा में स्पैलिंग, ग्रामर और पंक्चुएशन शामिल है।
न्युमरैसी (अंक-ज्ञान)	कक्षा 3: 45 मिनट। कक्षा 5: 50 मिनट। कक्षा 7: 65 मिनट। कक्षा 9: 65 मिनट।	इसे लेंग्वेज़ कन्वेन्शन (भाषा के चलन) की परीक्षा के बाद पूरा किया जाना चाहिए।	इस परीक्षा में नंबर और बीजगणित; मेशरमेंट और रेखागणित; और सांख्यिकी और प्राबेबिल्टी शामिल हैं।

यदि मेरी संतान आकलन किए जाने के दिनों में स्कूल से अनुपस्थित रहती है तो क्या होता है?

जहाँ संभव हो, स्कूल परीक्षा के समय अनुपस्थित रहने वाले व्यक्तिगत विद्यार्थियों के लिए छूटी परीक्षा पूरी करने के लिए स्कूल की परीक्षा सारणी के दौरान किसी अन्य समय का प्रबंध कर सकते हैं। व्यक्तिगत विद्यार्थियों को शुक्रवार 24 मई 2019 के बाद NAPLAN की ऑनलाइन परीक्षाओं में बैठने की अनुमति नहीं है।

मेरी संतान के प्रदर्शन को कैसे आंका जाता है?

प्रत्येक आकलन के लिए एक राष्ट्रीय उपलब्धि पैमाने पर अलग-अलग विद्यार्थी के प्रदर्शन को दर्शाया जाता है। राष्ट्रीय न्यूनतम मानक पर परिणाम यह दर्शाता है कि विद्यार्थी ने उस कक्षा स्तर में पूर्ण रूप से भाग लेने के लिए साक्षरता व अंक-ज्ञान की बुनियादी आवश्यक योग्यताओं का प्रदर्शन किया है।

वर्ष में आगे चलकर आपकी संतान के स्कूल द्वारा एक NAPLAN व्यक्तिगत रिपोर्ट जारी की जाएगी। यदि आपको यह रिपोर्ट नहीं मिलती है, तो आपको अपनी संतान के स्कूल से संपर्क करना चाहिए।

NAPLAN परीक्षा के परिणामों का प्रयोग किस प्रकार किया जाता है?

- विद्यार्थी और माता-पिता व्यक्तिगत परिणामों का प्रयोग अध्यापकों के साथ चर्चा करने के लिए कर सकते हैं।
- अध्यापक परिणामों का प्रयोग उन विद्यार्थियों की पहचान बेहतर तरीके से करने के लिए करते हैं जिन्हें अधिक से अधिक चुनौतियों या अतिरिक्त समर्थन से लाभ मिलेगा।
- स्कूल शिक्षा कार्यक्रमों को बेहतर बनाने और साक्षरता व अंक-यान में लक्ष्य निर्धारित करने के लिए परिणामों का प्रयोग करते हैं।
- विद्यालय की प्रणालियां कार्यक्रमों व विद्यालय को दी जाने वाली सहायता की समीक्षा करने के लिए परिणामों का प्रयोग करती हैं।
- समुदाय औसतन स्कूली NAPLAN परिणाम **myschool.edu.au** पर देख सकते हैं

मुझे और अधिक जानकारी कहाँ से मिल सकती है?

NAPLAN के बारे में और अधिक जानकारी के लिए:

- अपनी संतान के स्कूल से संपर्क करें
- अपने स्थानीय परीक्षा प्रबंधन प्राधिकरण से **nap.edu.au/TAA** पर संपर्क करें
- **nap.edu.au** देखें

इस जानकारी के लिए कि NAPLAN से सम्बन्धित व्यक्तिगत जानकारी का प्रबंध ACARA द्वारा कैसे किया जाएगा, **nap.edu.au/naplanprivacy** देखें